राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2024/145

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111/128 | 84/24 | 03/04/24 | ~~AMC~~<br>9/5/24 | 18/4/24 |

अनवान

श्री रामलाल S/o लक्ष्मीचन्द रैगर | श्री बदाम W/o मोहनलाल रैगर

निवासी धड़ोदा तह बिजोलियाँ | निवासी धड़ोदा तह बिजोलियाँ

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी / अपीलान्ट | अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडेंट

डिक्रीदार | मदयून

श्री सुनिल बाकलीवाल Adv. | श्री ........

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

रामलाल बनाम बदाम को० (8)

किस्म मुकदमा – 111, 128 रा० का० राजस्थान अधि० नम्बर 84 / 2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 2/4/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 18/04/2024 को पेश हों।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 18/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 23/4/24 को वास्ते उचित आदेश हो।<br>उपखण्ड अधिकारी | |
| 23/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण की बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षीगण के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की गई। पत्रावली वास्ते निर्णय/बहस आगामी दिनांक 09/05/24 को पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा | |
| 9/5/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में निर्णय/आदेश पारित किए गए एवं तहसीलदार बिजौलिया को पालना के लिए लिखा गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br>कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियां (भीलवाड़ा)<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड़ अधिकारी, बिजौलियॉ, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)

प्रकरण संख्या :– 84/2024 तारीख दायर 3.4.24 / 3-4-24

रामलाल पुत्र लखमा उर्फ लक्ष्मीचन्द जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0) ––प्रार्थी

बनाम

1– बदाम पत्नि स्व0 मोहनलाल जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

2– प्रभुलाल पुत्र मोडुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

3– कालु पुत्र मांगीलाल जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

4– बालु पुत्र मियाचन्द जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

5– जगदीश पुत्र किशना जाति खाती उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

6– भैरू पुत्र कैला जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

7– कैलाश पुत्र बालु जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

8– भु–स्वामी मार्फत तहसीलदार महोदय बिजौलियॉ तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाडा राज0 ––विपक्षीगण

प्रार्थनापत्र अर्न्तगत धारा 11–128 रा0ले0रे0 एक्ट

दिनांक 09/05/24

:–आदेश:–

प्रार्थनापत्र **प्रार्थी श्री रामलाल** ने जरिये अभिभाशक **श्री सुनिल बाकलिवाल** प्रस्तुत कर निवेदन किया हैं कि मेरे एकल/संयुक्त खाते कि भुमि **ग्राम थड़ौदा पटवार क्षैत्र थड़ौदा, भु–अभिलेख निरिक्षक क्षैत्र बिजौलियॉ खुर्द, तहसील बिजौलियॉ में स्थित खाता संख्या 414 आराजी नंबर 1098/2, 1105/3, 1106/3, 1108/4, 1186/2, 1186/7, 34/3 कुल किता 07 रकबा 0.9226 हैक्टेयर भुमि खातेदारी एवं खाता संख्या 571 आराजी नंबर 1921/7 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भूमि गैर खातेदारी भुमि** स्थित हैं। विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगड़ा फसाद करते हैं। अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थनापत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न हैं।

प्रार्थना पत्र रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गयी और पत्रावली का अवलोकर किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबंदी सम्वत **2073–2076** के अवलोकर से प्रार्थी वादग्रस्त आराजियात का खातेदार/गेर खातेदार काश्तकार हैं। पडोसियान के विवाद करने बाबत शपथपत्र संलग्न हैं। पत्थरगढी से किसी के स्वात्व पर कोई विपरीत प्रभाव नही पडता हैं।

अतः प्रार्थनापत्र अर्न्तगत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड़ रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया **ग्राम थड़ौदा पटवार क्षैत्र थड़ौदा, भु–अभिलेख निरिक्षक क्षैत्र बिजौलियॉ खुर्द, तहसील बिजौलियॉ में स्थित खाता संख्या 414 आराजी नंबर 1098/2, 1105/3, 1106/3, 1108/4, 1186/2, 1186/7, 34/3 कुल किता 07 रकबा 0.9226 हैक्टेयर भुमि खातेदारी एवं खाता संख्या 571 आराजी नंबर 1921/7 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भूमि गैर खातेदारी भुमि** की बाशामालात पड़ोसियान के पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता हैं एवं पत्थरगढी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोश में जमा होने पर पलनार्थ तहसीलदार बिजौलियॉ को लिखा जावे।

प्रार्थनापत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हों।

आदेश सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियॉ जिला-भीलवाडा

उपखण्ड़ अधिकारी
बिजौलियॉ

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :— 84/2024 तारीख दायर 3/5/24

प्रेषिति :—

तहसीलदार
बिजौलियॉ

विषय :— प्रकरण संख्या ............84/2024............ प्रत्थरगढी बाबत्।

रामलाल पुत्र लखमा उर्फ लक्ष्मीचन्द जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0) ——प्रार्थी

बनाम

1— बदाम पत्नि स्व0 मोहनलाल जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

2— प्रभुलाल पुत्र मोडुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

3— कालु पुत्र मांगीलाल जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

4— बालु पुत्र मियाचन्द जाति रेगर उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

5— जगदीश पुत्र किशना जाति खाती उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

6— भैरू पुत्र कैला जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

7— कैलाश पुत्र बालु जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाड़ा (राज0)

8— भु—स्वामी मार्फत तहसीलदार महोदय बिजौलियॉ तहसील बिजौलियॉ जिला भीलवाडा राज0 ——विपक्षीगण

उपर्युक्त विशयान्र्तत अनवानी प्रकरण में आदेश होकर लेख है कि **ग्राम थड़ौदा पटवार क्षैत्र थड़ौदा, भु—अभिलेख निरिक्षक क्षैत्र बिजौलियॉ खुर्द, तहसील बिजौलियॉ में स्थित खाता संख्या 414 आराजी नंबर 1098/2, 1105/3, 1106/3, 1108/4, 1186/2, 1186/7, 34/3 कुल किता 07 रकबा 0.9226 हैक्टेयर भुमि खातेदारी एवं खाता संख्या 571 आराजी नंबर 1921/7 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भूमि गैर खातेदारी भुमि** की बशमलात पड़ोसीयान के पत्थरगढी कब्जा जावें। मौके पर पत्थरगढी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जारिये पत्थरगढी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू—अभिलेख निरीक्षक **बिजौलियॉ खुर्द** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस ~~500~~ 5un तय कि जाती है वक्त मोके पर प्रार्थी अदा करेंगा। पत्थरगढी करने से पुर्व पडोसी एवं विपक्षीगणो को सुचित करते हुए पत्थरगढी करें।

पत्थरगढी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां